NSS GC SANJAULI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 21 सितंबर 2021

विषय : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में जिला स्तरीय एनएसएस रिपब्लिक डे सिलेक्शन कैंप का आज बेहतरीन आयोजन हुआ ।

आज तारीख 21 सितंबर को उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में जिला स्तरीय एनएसएस रिपब्लिक डे सिलेक्शन कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें की विभिन्न महाविद्यालयों से स्वयमसेवीयों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया । सवयमसेवियों के उत्साह और लगन को देख सभी में एक जोश और अपनापन दिखाई दिया ।

इस आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें की बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ चंद्रभान मेहता जी रहे । स्वयंसेवी कार्तिकेय शर्मा जोकि एनएसएस इकाई के अध्यक्ष है ,उन्होंने अपने अनुभव को सभी के साथ सांझा किया व सभी सवयमसेवियों के हौसलों को बढ़ाया । महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने विचारों से सभी को स्नेह प्रदान किया , साथ ही जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । यह शिविर शिमला के कार्यक्रम संयोजक डॉ विकास नाथन जी की देख रेख में हुआ, जिन्होंने सवायमसेवियों का उत्साह बढ़ाते हुए कार्यक्रम में होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में सभी का मार्गदर्शन किया ।

इस शिविर में कुल 9 महाविद्यालयों ने भाग लिया , जिसमें कि राजकीय फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू, राजकीय सीमा महाविद्यालय रोहड़ू, राजकीय महाविद्यालय नेरवा, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सरस्वती नगर, यूआईएलएस लॉ कॉलेज शिमला, राजकीय महाविद्यालय ठियोग, राजीव गांधी महाविद्यालय कोटशेरा व राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली बतौर प्रतिभागी रहे ।

इसके पश्चात् सवायमसेवियों ने अपने बेहतरीन परेड कर चयनकरताओं से अंकों को बटोरा । परेड के लिए मुख्य चयनकर्ताओं में सुधांशु सिंह ठाकुर, डॉ पूनम जी रहे । सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिए बतौर चयनकर्ता डॉ ओम प्रकाश , डॉ हेमंत शर्मा, डॉ मिनाक्षी शर्मा , डॉ विकास नाथन, डॉ संधीरा जी रहीं । साक्षात्कार के लिए भी इन्ही जजीज़ ने कार्यभार संभाला ।

अंत में उन सवायमसेवियों का चुनाव किया गया जो इन तीनों प्रतियोगिताओं को पार कर बहुत ही अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए । जिसमें की कुल 40सवयंसेवियों में से 10 का चुनाव किया गया । इन सवायमसेवियों में संजौली महाविद्यालय के चार सवायमसेवी हर्ष ठाकुर, अवंतिकक पामटा, तमन्ना झामटा, अंजली केवला रहे , अभिषेक महाविद्यालय सीमा रोहड़ू से, साक्षी कामटा राजकीय महाविद्यालय नेरवा से, पल्लवी शर्मा,बनित रानटा, संचीत गियांटा लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सरस्वती नगर से तथा राजीव गांधी महाविद्यालय कोटशेरा से नितिन ठाकुर का चयन किया गया ।

अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी शर्मा ने सवायमसेवियों को बहुत बधाइयां दी व उनके कार्य, लगन, जोश ,उत्साह और दृढ़ संकल्प की सराहना भी की ।इसके पश्चात खूब मस्ती व उत्साह से भरे सवायमसेवियों ने सभी के साथ मिलकर अपने अपने नृत्यों से कार्यक्रम का लुत्फ़ उठाया, इसी तरह इस शिविर की बेहतरीन समाप्ति हुई ।